भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1455
गुरुवार, 13 फ़रवरी, 2025/24 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

त्रिची विमानपत्तन पर कार्गो परिसर में चौबीसों घंटे प्रचालन

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

1455. श्री दुरई वाइकोः

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का त्रिची विमानपत्तन पर त्रिची कार्गो परिसर में चौबीसों घंटे प्रचालन की घोषणा करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख) त्रिची हवाईअड्डा केवल अंतरराष्ट्रीय कार्गो को हैंडल करता है, जिसमें हवाई कार्गो परिचालन दो पारियों में आयोजित किया जाता है। हैंडल किए गए अंतरराष्ट्रीय टनेज (मीट्रिक टन में) का विवरण अनुलग्नक-1 में दिया गया है।

त्रिची हवाईअड्डे पर अंतर्राष्ट्रीय कार्गो की सीमित उपलब्धता के कारण चौबीसों घंटे परिचालन वित्तीय दृष्टि से अलाभप्रद है।

"त्रिची विमानपत्तन पर कार्गो परिसर में चौबीसों घंटे प्रचालन" के संबंध में लोक सभा के दिनांक 13.02.2025 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1455 के उत्तर में अनुलग्नक

अनुलग्नक - 1

हैंडल किए गए अंतर्राष्ट्रीय टनेज का विवरण (मीट्रिक टन में):

वित्त वर्ष	हैंडल किया गया वार्षिक टनेज (मीट्रिक टन में)		हैंडल किया गया औसत प्रतिदिन टनेज (मीट्रिक टन में)	
	निर्यात	आयात	निर्यात	आयात
2020-21	2714	26	7.44	0.07
2021-22	5198	19	14.24	0.05
2022-23	6352	5	17.40	0.01
2023-24	6592	1	18.06	0.003
2024-25*	4267	2	11.69	0.01

*स्रोतः सीपीएमएस, एएआई/ नवंबर 2024 तक

******